# लोगों का पाली में प्रदर्शन, देह व्यापार की शिकायत की

**पाली**, (नि.सं.)। पाली में सैकड़ों लोग एसपी ऑफिस पहुंचे और उनके मोहल्ले में खुलेआम वेश्यावृत्ति होने की शिकायत की। उन्होंने कहा कि पहले भी कई बार शिकायतें दे चुके हैं, लेकिन पुलिस ने मामले में प्रभावी कार्रवाई नहीं की है। लोगों ने कहा कि गलत काम करने वाले लोग उनके परिवार को पुलिस केस में फंसाने की धमकी देते है। ऐसे में पुलिस को मामले में तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए।

मामला पाली शहर के सदर थाना क्षेत्र के मंडिया बाइपास के निकट स्थित किंग सिटी आवासीय योजना का है। यहां रहने वाले सैकड़ों लोग मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे।

पाली में एसपी ऑफिस के बाहर महिलाओं ने प्रदर्शन करते हुए आरोप लगाए कि शहर के पास एक गांव से असामाजिक तत्व गलत काम कर रहे है, जिससे उनकी कॉलोनी की बदनामी हो रही है। महिलाओं का आरोप है कि कुछ लोगों ने बस्ती में मकान बनाकर देह व्यापार का अड्डा बना दिया है। हमारी बस्ती में रहने वाले लोगों का जीना दुश्वार हो रहा है।



पाली में लोगों ने कलैक्ट्रेट पहुंचकर एस.पी. ऑफिस के बाहर प्रदर्शन किया। फोटो-राष्ट्रदूत

महिलाओं ने मांग की कि बस्ती में पुलिस चौकी लगा कर ऐसे अड्डों को बंद कराया जाए। इस दौरान उन्होंने सीओ ठामीण रतन देवासी को ज्ञापन सौंपा। पुलिस ने महिलाओं को आश्वासन दिया कि देह व्यापार में लिप्त लोगों की पहचान कर उनको पाबंद कराने की कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद महिलाएं कलेक्ट्रेट से रवाना हुईं।

किंग सिटी बस्ती की महिलाओं ने दो बार पहले भी कलेक्टर-एसपी को ज्ञापन देकर देह व्यापार की शिकायत की थी। ज्ञापन में बताया कि देह व्यापार में लिप्त लोग मोहल्ले के लोगों से लड़ाई-झगड़े करते हैं। पूर्व में भी इस संबंध में कलेक्टर-एसपी से शिकायत की गई थी, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई।

## डे-नाईट शूटिंग बॉल प्रतियोगिता 26 जनवरी को

**जालोर**, (कासं)। गणतंत्र दिवस पर शूटिंग बॉल प्रतियोगिता का आयोजन जालोर गणतंत्र दिवस राष्ट्रीय पर्व 26 जनवरी के अवसर पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी औद्योगिक क्षेत्र थर्ड फेज पर स्थित जालोर जिला शूटिंगबॉल संघ के शूटिंगबॉल खेल मैदान पर एक दिवसीय डे नाईट सीनियर पुरुष वर्ग की शूटिंगबॉल प्रतियोगिता का विशाल आयोजन ग्रेनाईट एसोसिएशन जालोर तथा जालोर डिस्ट्रिक्ट ओलिंपिक एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित करवाया जा रहा हैं

प्राप्त जानकारी के अनुसार जालोर जिला शूटिंगबॉल संघ के सचिव महेश ढाका ने जानकारी उपलब्ध करवाकर बताया की जिला स्तरीय शूटिंगबॉल प्रतियोगिता के सफल आयोजन एवं संचालन के लिए ग्रेनाइट एसोसिएशन और शूटिंगबॉल संघ के पदाधिकारियों की सोमवार को सयुंक्त बैङ्कक का आयोजन कर प्रतियोगिता के भव्य आयोजन के लिए विभिन्न कमेटियों का गठन किया गया।

प्रतियोगिता के आयोजन पर विस्तृत चर्चा कर रुपरेखा तैयार की गई हैं। जिला स्तरीय शूटिंगबॉल प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीमें 23 जनवरी सांय 5 बजे तक अपनी टीमों की प्रविष्टियां जमा करवा सकेंगे।

टीमों एवं अतिथियों, खेलप्रेमी दर्शकों के जलपान भोजन की व्यवस्था प्रतियोगिता स्थल पर ग्रेनाइट एसोसिएशन जालोर ने की है।

# ऑनलाइन सेवा के लंबित प्रकरणों पर चर्चा की


जोधपुर विकास प्राधिकरण आयुक्त उत्साह चौधरी ने साप्ताहिक समीक्षा बैठक ली।

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर विकास प्राधिकरण आयुक्त उत्साह चौधरी द्वारा बुधवार को प्राधिकरण के उच्च अधिकारीगण की साप्ताहिक समीक्षा बैठक ली गई। बैठक में सचिव भागीरथ बिश्नोई, उपायुक्तगण कंचन राठौड, मुकेश बारेठ, जयपाल सिंह राठौड, रामजी भाई कलबी, अदिति पुरोहित, दिनेश कुमार मीणा, निदेशकगण, तहसीलदारगण, अभियन्तागण सहित प्रभारी अधिकारीगण मौजूद रहे।

आयुक्त उत्साह चौधरी ने बैठक में प्राधिकरण की संचालित ऑनलाईन सेवाओं के लम्बित प्रकरणों एवं राजकाज ई-फाइलिंग की लम्बित फाइलों की समीक्षा की गई। आयुक्त द्वारा प्राधिकरण की 90 ए, भवन निर्माण स्वीकृति के प्रकरणों तथा ऑनलाईन सेवाओं यथा नाम हस्तान्तरण, प्रोपर्टी आईडी जनरेशन, लीज मुक्ति प्रमाण पत्र इत्यादि के लम्बित प्रकरणों को त्वरित निस्तारण करने के निर्देश प्रदान किए।

इसी प्रकार बैठक में राजस्थान सम्पर्क, मानवाधिकार आयोग, लोकायुक्त, सीएमओ व पीएमओ से प्राप्त प्रकरणों, राज्य सरकार एवं जेडीए के पिंक व ब्ल्यू लेटर्स तथा जनसुनवाई व जिला कलेक्टर की साप्ताहिक बैठक में प्राप्त अन्तर विभागीय प्रकरणों की समीक्षा करते हुए प्रभारी अधिकारी को लम्बित प्रकरणों को शीघ्र निस्तारित करने एवं जीरो पेंडेंसी रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

# घरेलू गैस सिलैंडरों का व्यावसायिक दुरूपयोग पकड़ा


पाली में नया गांव रोड स्थित प्रतिष्ठानों पर 4 घरेलू गैस सिलेण्डर मय दो भट्टियां जब्त की। फोटो-राष्ट्रदूत

**पाली**, (नि.सं.)। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग जयपुर के निर्देशानुसार सम्पूर्ण जिले में घरेलू एलपीजी सिलेण्डरों के दुरूपयोग/अवैध रिफिलींग इत्यादि के विरूद्ध संचालित प्रतिष्ठानों, दुकानों व गोदामों आदि के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है। बुधवार को नया गांव रोड स्थित प्रतिष्ठानों पर 4 घरेलू गैस सिलेण्डर मय दो भट्टियां जब्त की गई।

जिला रसद अधिकारी डॉ पूजा सक्सेना ने बताया कि पाली जिले में बुधवार को नया गांव रोड स्थित दो प्रतिष्ठानों राजश्री नमकीन व बालाजी स्वीट्स एण्ड नमकीन में संयुक्त जांच दल द्वारा जांच करने पर गैस सिलेण्डरों का अवैध भण्डारण एवं व्यावसायिक उपयोग में लिए जाने पर 4 घरेलू गैस सिलेण्डर मय 2 दो भट्टियों को जब्त किया गया। इन दोषियों के विरूद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की धारा 3/7 के तहत कार्यवाही की जा रही है। विभागीय निर्देशानुसार जिले में घरेलू एलपीजी सिलेण्डरों के दुरुपयोग, अवैध रिफिलींग इत्यादि के विरुद्ध संचालित प्रतिष्ठानों, दुकानों व गोदामों इत्यादि के विरूद्ध कार्यवाही जारी रहेगी। इस दौरान संयुक्त जांच में प्रवर्तन अधिकारी कमल कुमार पंवार एवं जितेन्द्रसिंह आशिया मौजूद रहे।

## प्रजापति समाज के 15 जोड़े बंधेंगे परिणय सूत्र में

**पाली**, (नि.सं.)। पाली शहर में प्रजापति समाज के पहले सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियां चल रही हैं। आयोजन प्रजापति महासेना संस्थान पाली की ओर से किया जा रहा है।

सामूहिक विवाह कार्यक्रम 30-31 जनवरी को माली समाज भवन में होगा। सम्मेलन में 15 जोड़े परिणय सूत्र में बंधेंगे।

मीडिया प्रभारी अशोक राठोलिया मामावास ने बताया- सोमवार को पाली शहर के इंद्रा कॉलोनी स्थित प्रजापति समाज छात्रावास में मंत्रोच्चार की ध्वनि के साथ लग्न पत्रिका (सावे) लिखी गई। इस दौरान माहौल श्रीयादे के जयकारों से गूंज उठा।

विवाह समिति अध्यक्ष भावेश ब्रांधना व महासेना अध्यक्ष मुकेश हाटवा ने बताया- सामूहिक विवाह सम्मेलन को लेकर समस्त प्रजापति समाज नव पट्टी के अध्यक्षों, पातेदारों व पंचों की उपस्थिति में श्रीयादे माता को नमन कर सावे लिखे गए। सामूहिक विवाह समिति उपाध्यक्ष महेंद्र जाजपरा व सचिव प्रवीण लूनिया ने बताया- 30 जनवरी को दोपहर बारातों आगमन गांधी मूर्ति स्थित माली समाज भवन में होगा। उसके बाद शोभायात्रा, कलशयात्रा व 15 जोड़ों की निकासी सूरजपोल स्थित श्रीयादे मंदिर से माली समाज भवन जाएगी।

शाम को लाखोटिया गार्डन के रंगमंच पर भजन संध्या का आयोजन होगा और वर्ष 2026 को लेकर बोलियां बोली जाएगी। भजन संध्या में गायक मगाराम प्रजापति खौड़, देवेंद्र प्रजापति खौड एंड पार्टी पाली भजन पेश करेंगे व मनोज रिया एंड पार्टी दिल्ली द्वारा मनमोहक प्रस्तुतियां दी जाएंगी।

# ट्रैक्टर ट्रॉली के पलटने से महिला की मौत, तीन घायल


सायला के पास बावतरा गांव में रायलानाडा के पास स्टेट हाइवे पर एक ट्रैक्टर-ट्रोली का संतुलन बिगड़ने से पलटने के बाद लोगों की भीड़ जमा हो गई। फोटो-राष्ट्रदूत

**सायला**, (निसं)। सायला पुलिस थाना क्षेत्र के बावतरा गांव में रायलानाडा के पास स्टेट हाइवे पर बुधवार को एक ट्रैक्टर-ट्रोली का संतुलन बिगडने से पलट गई।

हादसे में एक महिला की मौत हो गई। तीन जने गंभीर घायल हो गए तथा अन्य को मामूली चोटें आई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बावतरा गांव निवासी एक ही परिवार के करीबन एक दर्जन सदस्य ट्रैक्टर-ट्रोली में सवार होकर जीवाणा में रिश्तेदार के वहां मिलने जा रहे थे।

इस दरम्यान बावतरा गांव के कुछ ही दूरी पर रायलानाडा के पास ट्रेक्टर-ट्रॉली का संतुलन बिगडने से पलट गई। जिससे ट्रेक्टर-ट्रॉली में सवार महिला सुखीदेवी पत्नी आसाराम की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

हादसे में गलीदेवी पत्नी जुठाराम देवासी, फाऊदेवी पत्नी खेताराम देवासी, पारूदेवी पत्नी वीजाराम देवासी गंभीर घायल हो गए। जिनको प्राथमिक उपचार के बाद भीनमाल रेफर किया गया। जबकि मकाराम, छैलाराम, जगाराम पुत्र धीराराम, हरसनराम पुत्र नारणाराम, रमकुदेवी पत्नी हरसनराम, सोगीदेवी पत्नी नारणाराम, लूंगीदेवी पत्नी मकाराम, डिम्पल व गुडिया पुत्री वीजाराम को मामूली चोटे आई है।

सूचना मिलते ही सायला पुलिस मौके पर पहुंची तथा ग्रामीणों के सहयोग से घायलों को राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सायला पहुंचाया। वही मृतका सुखीदेवी का शव राजकीय मोर्च्युरी में रखवाया गया।

## रजिस्टर्ड नंबर पर जल शुल्क का संदेश आयेगा

पाली, (नि.सं.)। पाली शहर में नये वर्ष से जल उपभोक्ताओं को उनके रजिस्टर्ड मोबाईल नम्बर पर जल शुल्क राशि के मेसेज की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। माह जनवरी 2025 से विभाग द्वारा पानी के बिल जारी करने साथ ही उपभोक्ताओ को जल शुल्क जमा कराने की सम्पूर्ण जानकारी मिल सकेगी।

जलदाय विभाग सहायक अभियंता शोभा कुमारी ने बताया कि उपभोक्ताओं के रजिस्टर्ड मोबाईल नम्बर मेसेज प्रणाली से जल शुल्क राशि को ऑनलाईन जमा करने के लिये ई-मित्र का लिंक भी दिया गया है, लिंक पर क्लीक करते ही जल शुल्क राशि जमा कराने संबंधित जानकारी एवं प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त होगी, इस प्रणाली से पाली शहर के उपभोक्ताओ द्वारा बिल नहीं प्राप्त होने अथवा देरी से प्राप्त होने की शिकायत से निजात मिल सकेगा। इस प्रक्रिया से उपभोक्ता समय पर अपना बिल बड़ी ही आसनी से जमा करवा सकेगें।

वर्तमान में पाली शहर के लगभग 49000 उपभोक्ताओं में से लगभग 41000 उपभोक्ताओ के ही मोबाईल नम्बर रजिस्टर्ड है जिनको इस सुविधा का लाभ मिल सकेगा। शेष उपभोक्ता भी विभागीय कार्यालय अथवा उपभोक्ता सेवा केन्द्र पर अपना मोबाईल नम्बर रजिस्टर्ड करवा कर इस सुविधा लाभ प्राप्त कर सकते है।

## बोलेरो की टक्कर से सवारियों से भरी टैक्सी पलटी

**पाली**, (नि.सं.)। पाली में मंगलवार देर शाम को एक टैक्सी और बोलेरो में चौराहे पर टक्कर हो गई। हादसे में टैक्सी में सवार एक प्रेग्नेंट महिला सहित 4 जने घायल हो गए।

सभी घायलों को उपचार के लिए हॉस्पिटल लाया गया। जिनमें 1 वृद्ध की हालत गंभीर बनी हुई है।

जानकारी के अनुसार पाली शहर के औद्योगिक थाना एरिया के रोड पर एक चौराहे पर सवारियों से भरी टैक्सी को बोलेरो ने टक्कर मार दी। जिससे टैक्सी पलट गई।

हादसे में टैक्सी में सवार 8 माह की गर्भवती आशापुरा नगर पुलिस लाइन निवासी 25 साल की झूमा देवी पत्नी जितेंद्र सिंह, न्यू शक्ति नगर निवासी 26 साल की दरिया कंवर पत्नी गोविंद सिंह, मांड़ावास (रोहट) निवासी 72 साल के तुलसाराम पुत्र देवाराम पटेल और टैक्सी ड्राइवर केके नगर राजेंद्र नगर निवासी 23 साल का अरविंद पुत्र चंदनसिंह घायल हो गए। जिन्हें एम्बुलेंस की सहायता से उपचार के लिए पाली के बांगड़ हॉस्पिटल लाया गया। जहां उनका उपचार जारी है। हादसे में वृद्ध तुलसाराम को ज्यादा चोटें आई।

### ननद-भाभी हॉस्पिटल में टिफिन देने आ रही थी

जानकारी के अनुसार दोनों घायल महिलाएं आपस में ननद-भाभी है। जो हॉस्पिटल में भर्ती अपने रिश्तेदार को टिफिन देने आ रही थी।

वहीं वृद्ध तुलसाराम एक शादी अटेंड कर अपने रिश्तेदार के घर जाने के लिए उस टैक्सी में बैठा था, लेकिन बीच रास्ते हादसा हो जाने से वे घायल हो गए।

# केयर होम का निरीक्षण किया

**जालोर**, (कासं)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जालोर के अध्यक्ष एवं जिला न्यायाधीश हारून के निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश अहसान अहमद में बुधवार को वात्सल्य चाइल्ड केयर होम जालोर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

इस दौरान उन्होंने उपस्थित बालकों से वार्तालाप कर यहां मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी ली, उन्होंने दोपहर में दिए गए भोजन के बारे में भी बालकों से जानकारी ली और भोजन की गुणवत्ता के बारे में पूछा। सचिव ने रसोईघर, मेडिकल किट, बालकों के चयन कक्ष आदि का निरीक्षण कर उपस्थित कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।


जालोर में विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव न्यायाधीश अहसान अहमद ने वात्सल्य चाइल्ड केयर होम का निरीक्षण किया। फोटो-राष्ट्रदूत

उन्होंने कर्मचारियों को कहा कि बालकों को मिलने वाली सुविधाओं में किसी प्रकार की कमी नहीं रखें। उन्होंने समय-समय पर बच्चों के स्वास्थ्य की जांच करवाने एवं चिकित्सकों के निर्देशानुसार बालकों को प्रतिदिन दवाइयां समय पर देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बदलते मौसम में बालकों के खाने पीने का विशेष ध्यान रखा जावे एवं भोजन की गुणवत्ता बनाए रखें। उन्होंने बालकों की पढाई को लेकर भी निर्देश दिए।

## युवती ने फंदा लगाकर दी जान

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर शहर के नाथों की बगेची क्षेत्र में रहने वाली एक युवती ने अपने घर में चुन्नी से फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। आत्महत्या का कारण सामने नहीं आया है। इस बारे में प्रतापनगर सदर थाने में मर्ग की रिपोर्ट दी गई।

प्रतापनगर सदर पुलिस ने बताया कि नाथों की बगेची, सिवांची गेट निवासी सबूछवि पत्नी मोहननाथ ने रिपोर्ट दी कि उसकी रिश्तेदार 23 वर्षीय ज्योतिका पुत्री ताराचंद ने घर में चुन्नी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बताया कि शव को कार्रवाई के बाद परिजन के सुपुर्द किया गया।

## लॉटरी आज

**पाली**, (नि.सं.)। "श्री कृष्णा नगर आवासीय योजना" नगर आवासीय योजना में 257 भूखण्डों की लॉटरी दिनांक 23 जनवरी को दोपहर 12 बजे जिला परिषद पाली में निकाली जाएगी।

इस संबंध में जानकारी यूआईटी सचिव ने दी।

# स्पा सेंटर पर दबिश, 12 युवती व पांच युवक मिले

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर में स्पा सेंटर की आड़ में कई जगह पर अनैतिक गतिविधियां भी की जा रही है। पूर्व में भी इसको लेकर कार्यवाही की गई है। इसके बावजूद इस तरह की गतिविधियां थम नहीं रही है। इसी को लेकर जोधपुर के सरदारपुरा थाना पुलिस की ओर से वन मोर स्पा पर कार्रवाई की गई। यहां पर पुलिस ने स्पा सेंटर पर दबिश दी। जहां 12 युवतियां और पांच युवक मिले इन सभी को धारा 170/ 126 में गिरफ्तार किया गया। इनमें से गिरफ्तार नौ युवतियां थाईलैंड की है।

सरदारपुरा थाने के थाना प्रभारी विश्राम मीणा ने बताया कि उच्च अधिकारियों के निर्देशन में एसीपी छवी शर्मा के नेतृत्व में टीम ने नौवीं रोड पर संचालित अवैध स्पा सेंटर वन मोर पर अवैध गतिविधियों की सूचना पर दबिश दी। यहां पर विदेश की 9 युवतियां मिली जो थाईलैंड की रहने वाली थी। इन युवतियों के सी फॉर्म भी नहीं भरवाए गए थे। इसके चलते सीआईडी जॉन जोधपुर को सूचना दी गई। मामला विदेशी नागरिकों से संबंधित होने के चलते विदेशी अधिनियम 1946 का उल्लंघन करने को लेकर भी मामला दर्ज किया गया है। इसके अलावा तीन भारतीय युवतियों सहित कुल 17 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

गिरफ्तार थाईलैंड की युवतियां मिस आर्फे, शशिकरण सुखजीत, यानिशा वांगमत्थाई, मीना थान्यकरणपुष, सुकन्या मावो, सुजीता फेटपासोट, सौंपोगर, बटसरफॉन आरगी, मातिगा बिना सी फॉर्म के रह रही थी। इस मामले में तीन अन्य युवतियां कपिल पुत्री पदम बहादुर निवासी यूं ब्लॉक शकूरपुर पूर्वी दिल्ली, रिया पुत्री प्रदीप कुमार पंजाबी निवासी रोहिणी सेक्टर 6 सेक्टर 5 नॉर्थ वेस्ट दिल्ली और अनु शर्मा पुत्री पदम शर्मा निवासी प्लॉट नंबर 3 गली नंबर 12 महिपालपुर साउथ वेस्ट दिल्ली को गिरफ्तार किया गया। उसके अलावा मौके से अतीक रहमान, मोहम्मद जूनाइल, अनिल कुमार, शंकर सिंघानिया और केशव अग्रवाल को भी गिरफ्तार किया गया।

पुलिस ने इसको लेकर अनिल कुमार पुत्र पीताम्बर माहेश्वरी निवासी श्याम नगर पाल रोड के खिलाफ बिना रजिस्ट्रेशन व सी फॉर्म तथा विदेशी पंजीयन अधिकारी जोधपुर शहर को सूचित किए बिना विदेशी नागरिकों को अपने गेस्ट हाउस में अवैध रूप से ठहराने को लेकर मामला दर्ज किया है।

बता दे कि इससे पूर्व भी सरदारपुरा में स्पा सेंटर से पुलिस ने दो थाईलैंड की युवतियों को गिरफ्तार किया था। इसके बावजूद थाईलैंड की युवतियों को अवैध तरीके से जोधपुर में स्पा सेंटर में रुकवाया जाना नहीं रुक रहा है।

# घर से बुलाकर दोस्त को पीटा

**पाली**, (नि.सं.)। शराब पीने के लिए दोस्तों ने कोचिंग छात्र से पैसे मांगे, नहीं देने पर लात-घूसों से बुरी तरह पीटा। आरोपियों ने घटना का वीडियो भी बनाया। वारदात के बाद इंस्टाग्रम पर अपने फॉलोअर्स बढ़ाने के लिए वीडियो की रील बनाकर अपलोड कर दी। घटना का वीडियो घायल छात्र के पिता ने देखा, जिसके बाद पुलिस में मामला दर्ज करवाया गया। मामला पाली के औद्योगिक नगर थाना क्षेत्र का है, जहां 16 जनवरी को आरोपियों ने वारदात की। औद्योगिक थाने के जसवंत सिंह राजपुरोहित ने बताया कि थाना क्षेत्र के नगर भालेलाव रोड रहने वाले पिंटू पुत्र राजूराम ने रिपोर्ट दी। बताया कि वह करीब 6 महीने से जयपुर में लोको पायलट बनने की कोचिंग कर रहा है। 14 जनवरी को वह जयपुर से पाली अपने घर आया था। 16 जनवरी की रात करीब साढ़े 12 बजे गुरु नगर निवासी उसके परिचित आर्यन ने उसे कॉल किया। जरूरी काम होने की बात कहते हुए गली के बाहर बुलाया। जहां उसके साथ भालेलाव रोड निवासी रितेश और राहुल भी थे। बताया कि तीनों युवक नशे में थे और शराब पीने की बात कहते हुए 500 रुपए मांगे। देने से मना किया तो बेरहमी से मारपीट की। सड़क पर पलट कर लातों से मारा। चेहरे पर लात-घूंसों से बुरी तरह पीटा, जिससे उसे अंदरूनी चोटें भी आई। मारपीट के दौरान आरोपियों ने उसके पायजामे की जेब में रखे 500 रुपए भी ले लिए। आरोपी रितेश और राहुल ने उसे जाते समय किसी को कुछ भी बताने पर जान से मारने की धमकी दी। जातिसूचक शब्दों से अपमानित किया। इसलिए डर के मारे उसने घर पर आकर किसी को भी मारपीट की बात नहीं बताई। इसके बाद 17 जनवरी को वह कोचिंग के लिए वापस जयपुर चला गया। रिपोर्ट में बताया कि आर्यन, रितेश ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर उससे की गई मारपीट का वीडियो अपलोड कर दिया। यह वीडियो उसके एक दोस्त ने उसके पिता को दिखाया, तो उन्होंने कॉल कर जयपुर से उसे पाली बुलाया। पूरे मामले की जानकारी ली। इसके बाद औद्योगिक नगर थाने में 20 जनवरी को मामला दर्ज करवाया गया।

## रेल की चपेट से महिला की मौत

**जोधपुर**, (कासं)। मंडोर - सांसी बस्ती के बीच में एक महिला की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। इस बारे में पुलिस ने पंचनामे की कार्रवाई कर शव परिजन को सुपुर्द किया है।

# डोमेस्टिक हैंडीक्राफ्ट फेयर का जोधपुर में शुभारंभ आज

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर सहित जयपुर, मुरादाबाद, संभल और दिल्ली की कला का प्रदर्शन जोधपुर में किया जाएगा। यह पहला मौका है जब एक्सपोर्ट प्रोमोशन काउंसिल फॉर हैंडीक्राफ्ट्स यानि ईपीसीएच की ओर से यह फेयर जोधपुर में लगाया जा रहा है। करीब 70 से अधिक हस्तशिल्पी अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। फेयर का उद्घाटन केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्रसिंह शेखावत करेंगे।

बोरानाडा स्थित ट्रेड फेसिलिटेशन सेंटर में यह फेयर 23 से 26 जनवरी तक होगा। हैंडीक्राट निर्यात को बढ़ावा देने के लिए ईपीसीएच की ओर से साल में दो बार ग्रेटर नोएडा में फेयर लगता है। इस बार डोमेस्टिक ग्राहकों व हस्तकला को टारगेट करते हुए पहली बार यह फेयर नोएडा व दिल्ली से बाहर हो रहा है। इससे यहां नए डोमेस्टिक मार्केट के द्वार खुलेंगे। दरअसल एक्सपोर्ट प्रोमोशन काउंसिल फॉर हैंडीक्राफ्ट्स (ईपीसीएच) पहली बार जोधपुर से हैंडीक्राफ्ट के लिए डोमेस्टिक एक्सपो का आयोजन कर रहा है।

हस्तशिल्प एक्सपो (आर्टिफैक्ट्स) जोधपुर-2025 का पहला संस्करण 23 से 26 जनवरी तक जोधपुर के ट्रेड फैसिलिटेशन सेंटर (टीएफसी) बोरानाडा में होगा। इस फेयर में न केवल जोधपुर बल्कि दूसरे प्रदेश के एक्सपोर्टर्स भी शामिल होंगे।